आकाशवाणी श्री विजयपुरम

17.09.2024 समय : 1850

- नरेन्द्र मोदी सरकार ने तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे कर लिए हैं– प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिन सभी के लिए प्रभावशाली विकास लेकर आये हैं।
- स्वच्छता ही सेवा अभियान आज से शुरू हो गई है।
- केन्द्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन अपने दो दिवसीय यात्रा के दौरान कल राज निवास में उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात की।
- यात्रियों की सुविधा के लिए वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर किराए पर कार लेने की सेवा की शुरूआत की गई है।
- द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई।

<><><><><><>

नरेन्द्र मोदी सरकार ने तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे कर लिए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिन सभी के लिए प्रभावशाली विकास लेकर आये हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए। इन निर्णयों ने लोगों के जीवन पर सकारात्मक असर डाला है और दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के लिए एक मजबूत नींव रखी है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश की सुरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाकर सुरक्षित भारत बनाया है। श्री शाह ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे होने के अवसर पर आज एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने पिछले दस वर्षों में देश को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं।

<><><><><><>

स्वच्छता ही सेवा अभियान आज से शुरू हो गई है। यह दो अक्तूबर तक चलेगा। इस वर्ष की थीम है सम्भाव स्वच्छता– संस्कार स्वच्छता। इस दौरान पर्यटन स्थलों, सार्वजनिक भवनों, व्यवसायिक क्षेत्रों, जल निकायों, चिड़ियाघरों, अभयारण्यों तथा सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों जैसे विभिन्न स्थलों पर श्रमदान और सामूहिक सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस वर्ष अभियान को समग्र समाज दृष्टिकोण के अंतर्गत तीन प्रमुख स्तंभ लक्ष्य इकाइयों की सफाई स्वच्छता में जन भागीदारी और सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के इर्द–गिर्द बनाया गया है। अभियान के अंतर्गत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर सफाई गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस राष्ट्रव्यापी अभियान की सफलता को सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्य, केंद्रशासित प्रदेश, केंद्रीय मंत्रालय और स्थानीय निकाय भी स्वच्छता ही सेवा अभियान में भाग लेंगे।

इस बीच, इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र श्री विजयपुरम में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों और आम जनता के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इग्नू विशेष अध्ययन केन्द्र कार निकोबार ने भी स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया। शिक्षा अधिकारी एच नथानियल ने अपने संबोधन में स्वच्छता के महत्व के बारे में प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रतिभागियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई।

<><><><><><>

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन कल एन पी एस वात्सल्य का शुभारंभ करेंगी। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कल दिन मे एक बजे से किया जाएगा।

<><><><><><>

केन्द्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन अपने दो दिवसीय यात्रा के दौरान कल राज निवास में उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान विभिन्न पी एम फ्लैगशिप योजनाओं, पर्यटन आतिथ्य अवसंरचनाओं, और परियोजनाओं के अनुपालन और प्रगति में तेजी लाने पर चर्चा की गई।

<><><><><><><>

द्वीपों में मिलाद–उन–नबी की जयंती के अवसर पर आज सुबह जुलूस निकाली गई, जो शहर के विभिन्न भागों से होकर गुजरी।

उधर, आज श्री विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से मनाई जा रही है। डॉलीगंज सहित कई अन्य औद्योगिक प्रतिष्ठानों में भी विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया और भोग का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। अंडमान निकोबार राज्य कर्मचारी महासंघ के परिसर में पूजा–अर्चना की गई, भक्ति गीत और आरती के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और प्रसाद का वितरण किया गया।

<><><><><><><>

भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर किराए पर कार लेने की सेवा की शुरूआत की गई है। यह सेवाएं डब्लू टी आई कैब्स के द्वारा दी जा रही है। हवाई अड्डा निदेशक देवेन्दर यादव और उप पुलिस अधीक्षक अजय राय ने इस सेवा की शुरूआत की। श्री देवेन्दर यादव ने कहा कि यह सेवा शहर की परिवहन सुविधाओं को सुव्यवस्थित और उत्कृष्ट बनाने के साथ अंतर्राष्ट्रीय उड़ान संचालन की तैयारी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। कैब्स के सभी कर्मचारी और ड्राइवर पुलिस द्वारा सत्यापित है और वे यात्रियों की सुविधा के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रतिबद्ध है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने अवैध डिजिटल ऋण ऐप्स के संबंध में लोगों को परामर्श जारी किया है। उन्होंने लोगों से कहा कि ये ऐप्स छोटे समय के ऋण और माइक्रो क्रेडिट प्रदान करते हैं, लेकिन उनमें अत्याधिक ब्याज दरें और छिपे शुल्क शामिल होते हैं। ये ऐप्स भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विनियमित नहीं होते हैं। इनके माध्यम से कम आय वाले वर्ग के लोगों को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। वे ऋण प्राप्त करने के लिए उपयोगकर्ताओं से निजी जानकारियां जैसे संपर्क, स्थान, फोटो और वीडियो साझा करने की मांग करते हैं, ताकि वे इनको ब्लैकमेल कर सके। ये ऐप्स बड़े पैमाने पर बल्क एस एम एस, डिजिटल विज्ञापन, चैट मैसेंजर और मोबाइल ऐप्स स्टोर आदि का उपयोग करते हैं। पुलिस ने आम जनता को सलाह दी है कि वे सतर्क रहें और अवैध ऋण ऐप्स का उपयोग न करें। अगर किसी को इन ऐप्स का उपयोग करने से धोखाधड़ी, ब्लैकमेल का सामना करना पड़ता है तो वे सी आई डी के साइबर प्रकोष्ठ और पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कर सकते हैं।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय की ओर से प्राइमरी शिक्षक के पद के लिए आवेदन कर चुके योग्य उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र जारी की जाएगी। पात्र उम्मीदवारों से कल गर्ल्स स्कूल के सभागार में और उन्नीस तथा बीस सितम्बर को शिक्षा निदेशालय के अकादमिक और भर्ती प्रकोष्ठ में सुबह साढ़े नौ बजे से उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान में जवाहर नवोदय विद्यालय पंचवटी में कक्षा छठीं मे प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब तेईस सितम्बर कर दी गई है। उम्मीदवार विद्यालय की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी में सलाहकार की नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों की योग्यता सूची जारी कर दी गई है। उम्मीदवारों से चौबीस सितम्बर को सुबह दस बजे रेड रिब्बन कार्यालय अटलांटा प्वाइंट में परियोजना निदेशक के कार्यालय में दस्तावेजों की जांच के लिए उपस्थित रहने को कहा गया है। दावे और आपत्तियां बीस सितम्बर शाम साढ़े चार बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। चयनित उम्मीदवारों का साक्षात्कार सत्ताईस सितम्बर को सुबह साढ़े नौ बजे से स्वास्थ्य सेवा निदेशक कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में लिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए सोसाइटी के प्रशासनिक अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

उधर, अंडमान निकोबार राज्य खेल परिषद, नेताजी स्टेडियम में विभिन्न खेलों के लिए चयनित कोचों की सूची स्टेडियम के सूचना पट्ट पर दर्शा दी गई है। चयनित उम्मीदवारों की शारीरिक परीक्षा इक्कीस सितम्बर को सुबह दस बजे से नेताजी स्टेडियम में ली जाएगी। उम्मीदवारों से अपने मूल दस्तावेजों के साथ परीक्षा के दिन उपस्थित होने को कहा गया है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। पोर्ट ब्लेयर में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक चौंतीस दशमलव तीन मिलीमीटर, कार निकोबार में अट्ठाईस, हटबे में इक्कीस दशमलव दो, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में नौ, ननकौड़ी में आठ, लांग आइलैंड में पांच और मायाबंदर में एक दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। कल के लिए मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि कल निकोबार द्वीप के कुछ भागों में भारी वर्षा होगी और उन्नीस तारीख को द्वीपों के कुछ भागों में भारी वर्षा होने की संभावना है।

<><><><><><><>